दिनांक : 18.08.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। मुलाक़ात के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा में बताया कि प्रधानमंत्री को प्रदेश में होने वाले आगामी ऐतिहासिक आयोजनों के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में वंदे भारत और मेट्रो कोच निर्माण की फैक्ट्री स्थापित की जाएगी और शीघ्र ही भोपाल में मेट्रो ट्रेन का संचालन भी प्रारंभ होगा।

मुख्यमंत्री- राजसी शाही सवारी

उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में आज भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। शाम को भगवान महाकाल की राजसी शाही सवारी निकाली जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल होंगे। सात किलोमीटर लंबे सवारी मार्ग पर 10 ड्रोन से रजत पालकी पर पुष्पवर्षा की जाएगी।

मध्य प्रदेश- टेक कंपनियां

निवेश के मद्दे नज़र जर्मनी की पांच अग्रणी टेक कंपनियां आज से प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश ग्लोबल स्टार्टअप एक्सचेंज कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी हस्तांतरण को बढ़ावा देना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स

और आईटी उद्योग में श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों एवं नवाचारी प्रयासों का आदान-प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जर्मन कंपनियों का यह दौरा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं का सेतु बनेगा और प्रदेश में अनुसंधान तथा नवाचार को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान देवास, हरदा, खंडवा और बुरहानपुर में में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश के 14 जिलों में आज तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं इंदौर, नर्मदापुरम, जबलपुर और भोपाल संभाग के अन्य 10 जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

समाचार संक्षेप में :–

- उज्जैन जिले की खाचरोद तहसील के ग्राम बुरानाबाद में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय को आईएसओ का अवार्ड मिला है। क्वालिटी मैनेजमेंट के सभी मापदंडों पर खरा उतरने के बाद यह सम्मान विद्यालय को प्रदान किया गया है।
- श्योपुर जिले के हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी विद्यालयो में 15 से 17 आयुवर्ग के विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाने एवं अपडेट करने के लिए शिविर लगाये जा रहे है।
- शिवपुरी जिले में डायल-112 के 25 नए वाहन मिले हैं इनमें 13 स्कॉर्पियो और 12 बोलेरो नियो शामिल हैं। इन वाहनों का काफिला जिला मुख्यालय पहुँचा। अब ये वाहन विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात कर दिए जाएंगे।

- बैतूल अंतर्गत टेमनी गांव की सरस्वती भलावी का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो असम राज्य के जोरहाट शहर में आयोजित की जा रही है।
- नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आज होने वाले विशेष संवाद हेतु आमंत्रित किया गया ।
- आयुष आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षा और ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जबलपुर में आज से 20 अगस्त तक तीन दिवसीय 'जिज्ञासा' क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।
- कोलकाता में कल खेले गए डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मैच में ईस्ट बंगाल ने मोहन बागान सुपर जायंट को दो-एक से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है ।